बीएसएसएस में एंथ्रोपल्स का लोकार्पण

भोपाल। स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज के मानविकी विभाग की वार्षिक पत्रिका एंथ्रोपल्स 2024 का लोकार्पण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर जॉन पीजे के करकमलों से महाविद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ की उपस्थिति में हुआ।

एंथ्रोपल्स की एडिटर इन चीफ डॉ मंजू मेहता ने बताया कि पत्रिका रूटस एंड रूटस थीम पर आधारित है जिसका आधार अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए परंपराओं, विरासत और जीवन मूल्यों के साथ प्रगति के उच्च मुकाम की ओर स्वस्थ गति से बढ़ना है। पत्रिका में राजनीति, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक के साथ साहित्यिक सामग्री का समावेश और विभाग की वार्षिक गतिविधियों को उकेरा है।डॉ मंजू मेहता ने एंथ्रोपल्स के लिए स्टूडेंट एडिटर स्नेहा सेनगुप्ता के योगदान को बहुमूल्य बताया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ जॉन पी जे ने मानवीकि विभाग को बधाई देते हुए इसमें शामिल रचनात्मक सामग्री की सराहना की और बीएसएसएस पब्लिकेशन सेल के बैनर तले होने वाले प्रकाशन को उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ सिस्टर सोनिया कुरियन, डीन अकादमिक फादर जोमी, मानविकी विभागाध्यक्ष सुश्री रंजीत कौर, कल्याणी जैन, सताक्षी मालवीय एवं स्टाफ के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त 36 रेल कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

भोपाल। अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए 36 रेल कर्मियों को आज मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का वितरण एनईएफटी के माध्यम से किया गया। साथ ही, रेलवे पेंशन पोर्टल के माध्यम से भुगतान आदेश प्रपत्र, मानार्थ पास, पहचान पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए। सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वस्थ और सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी,संघ एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, तथा कार्मिक और लेखा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

14 स्टेशनों पर 33 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित

भोपाल। मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देते हुए और यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता में रखते हुए, भोपाल मंडल ने रेलवे टिकट विंडो पर क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन की सुविधा का विस्तार किया है। पारदर्शी और सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के माध्यम से यात्रियों को न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि उन्हें खुल्ले पैसे रखने की समस्या से भी छुटकारा मिल रहा है। वर्तमान में मंडल के 119 टिकट काउंटरों (69 जनरल टिकट काउंटर, 21 आरक्षण-कम-जनरल टिकट काउंटर और 29 आरक्षण काउंटर) पर क्यूआर कोड डिस्प्ले की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा यात्रियों को डिजिटल लेन-देन के जरिए तेज़ और सरल भुगतान का अनुभव प्रदान करती है। क्यूआर कोड स्कैन कर यात्री बिना किसी झंझट के अपनी टिकट राशि का भुगतान कर सकते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि डिजिटल भुगतान की यह सुविधा यात्रियों के लिए अतिरिक्त विकल्प के रूप में बेहद उपयोगी साबित हो रही है। इससे नकद लेन-देन का विकल्प मिलता है और यात्रियों को कतारों में कम समय लगाना पड़ता है।भोपाल मंडल ने 14 स्टेशनों पर 33 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित की हैं, जो विशेष रूप से जनरल टिकट के लिए डिज़ाइन की गई हैं। ये मशीनें यात्रियों को बिना किसी परेशानी के टिकट प्राप्त करने की सुविधा देती हैं जिनसे यात्री स्वयं अपन टिकट बुक कर सकता है। साथ ही, जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल ऐप का इस्तेमाल यात्रियों को कतार में खड़े हुए बिना ऑनलाइन टिकट बुक करने का एक और सरल विकल्प प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, मंडल के 5 प्रमुख स्टेशनों के पार्सल कार्यालयों में भी क्यूआर कोड की सुविधा दी गई है, जिससे पार्सल बुकिंग और भुगतान प्रक्रिया भी सरल और सुविधाजनक बन गई है।

हार्डविन इंडिया बोर्ड ने 2:5 बोनस शेयर इश्यू को मंजूरी दी

भोपाल। हार्डविन इंडिया लिमिटेड जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में एक प्रमुख कंपनी है, अब विकास के रास्ते पर है। हाल ही में, कंपनी के बोर्ड ने बोनस इक्विटी शेयरों के इश्यू को 02.05 के अनुपात में मंजूरी दी है, यानी 05 (पाँच) मौजूदा इक्विटी शेयरों के बदले 02 (दो) बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के सदस्यों को रिकॉर्ड डेट के आधार पर दिए जाएंगे, बशर्ते सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त की जाएं, जो कंपनी अपनी आगामी एजीएम के दौरान प्राप्त करेगी। इससे पहले, 14 नवम्बर को हुई बोर्ड बैठक में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए शानदार लाभ की घोषणा की गई थी।

आरजीपीवी में दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रवाह 2024 का आगाज

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल, के परिसर में छात्रों को सांस्कृतिक प्रस्तुति, क्रिएटिव प्रतियोगिताएं तथा खेल और रचनात्मक प्रतिभा से अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रवाह 2024 का विश्वविद्यालय परिसर मे आयोजन यूआईटी आरजीपीवी के निदेशक प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया,कार्यक्रम संयोजक डॉ. रविन्द्र पटेल , डॉ. जितेन्द्र अग्रवाल एवं डॉ. रविन्द्र रांदा द्वारा दीप प्रज्वल्लन कर किया गया ! इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी एवं छात्र- छात्राएं उपास्थित थे! इस अवसर पर प्रो.सुधीर सिंह भदौरिया ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की समग्र विकास यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। हम भविष्य में भी ऐसे उत्सव आयोजित करते रहेंगे ताकि बच्चों की उन्नति सुनिश्चित हो सके। ऑड सेमेस्टर में सांस्कृतिक उत्सव और ईवन सेमेस्टर में खेलकूद और तकनीकी कार्यक्रम हमारी इस परंपरा का हिस्सा रहेंगे। डॉ. रविन्द्र पटेल ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक सांस्कृतिक महोत्सव नहीं है, बल्कि यह छात्रों के व्यक्तित्व विकास का अद्भुत मंच है।

बिजली कनेक्शन में नाम परिवर्तन करना हुआ आसान

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम,ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं को कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से विद्युत कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है। अब उपभोक्ताओं को उनके परिसरों में पूर्व से विद्यमान कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करना बेहद आसान हो गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं को अपने मीटर से संबंधित नाम में परिवर्तन करना है वह कंपनी की में एलटी सर्विसेस के एलटी अदर सर्विसेस में दिये गये नेम ट्रांसफर अथवा सीधे पर जाकर अदर यूजफुल लिंक्स में दिये गये अप्लाय फॉर अदर सर्विसेस के माध्यम से आसानी से करा सकते हैं।

जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने किया विधानसभा का भ्रमण

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के बीएएमसी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया ।

भ्रमण कार्यक्रम जनसंचार विभाग के समन्वयक डॉ. प्रदीप डहेरिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ ।इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की । उन्होंने नवीन विधानसभा के वास्तुकला को भी देखा। प्रोटोकॉल अधिकारियों द्वारा सभी विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे विद्यार्थियों को व्यवस्थापिका की प्राप्त जानकारी मिली और जिज्ञासा का समाधान भी हुआ। इस अवलोकन का मुख्य उद्देश्य जनसंचार के विद्यार्थियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली को जानना एवं समझना था ताकि वे पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने ज्ञान एवं कौशल को बढ़ा सके। अधिकतर विद्यार्थियों ने लोकतंत्र के इस मंदिर में पहली बार प्रवेश किया। विभाग की शिक्षक डॉ. बबीता घोष भी इसमें उपस्थित रहीं । वरिष्ठ विद्यार्थी राज राठौड़, प्रतीत चांडक, तनय शर्मा, हनुशीष डहेरिया, खुशबू जैन, अंजली सिंह, नंदिनी मिश्रा ने पूरे समय विद्यार्थियों के मध्य अनुशासन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की गई ।

एम्स की डॉक्टर टू डॉक्टर पहल

दूरस्थ क्षेत्रों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

भोपाल। एम्स कार्यपालक निदेशक, प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में, संस्थान ने स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से एक अभिनव टेलीहेल्थ कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, डॉक्टर टू डॉक्टर पहल का उद्देश्य दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों के डॉक्टरों और एम्स भोपाल की विशेषज्ञ मेडिकल टीम के बीच वर्चुअल सहयोग को बढ़ावा देना है। यह पहल चिकित्सा सेवाओं को दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए डिज़ाइन की गई है। डी टू डी पहल के तहत एम्स भोपाल के 24 विभागों के विशेषज्ञों की एक टीम और अन्य केंद्रों के भाग लेने वाले डॉक्टरों के बीच वर्चुअल इंटरेक्टिव सत्र शामिल हैं। इसके अलावा विशिष्ट केस-आधारित समस्याओं के बारे में प्रबंधन, परामर्श और शिक्षा शामिल है। हैं। प्रत्येक दिन चार विभागों के विशेषज्ञ पूर्व-निर्धारित समय स्लॉट के माध्यम से उपलब्ध होते हैं। यह सत्र सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे और शनिवार को दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक संचालित होते हैं। कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. सिंह ने कहा, डी टू डी पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने का एक दृष्टिकोण है।

सूडोकु नवताल 7259

✱✱✱✱☆ मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7258 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

काकुरो पहेली - 6938



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 6937 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8326



बाएँ से दाएँ

1.आस्तिक,अनुगामी,पूजक-2
2.रख-रखाव-2,3
6.देह, बदन-2
7.कारण-3
8.तपस्या-2
9.बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11.पति की बहन-3
12.प्रतिज्ञा,वचन-3
14.पिता,डैडी-2
16.मन मोहने वाला-5
18.आनंदित-2
19.लवण,खार-3
21.अरुणारवंद,आवरण-3
23.पासों से भविष्य जानना-3
25.आमिर व काजोल की फिल्म-2
27.मुलायम,कोमल-3
28.उस समय-2
29.भ्रमण,घूमना-3,
30.कोलाहल-2

ऊपर से नीचे

1.खतरनाक-4
2.सनम,बालम-3
3.रहने का तरीका-3,3
4.चावल-2
5.बिजली का कौंधना-5
6.कौवा,काग-2
10.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13.मन को भाने वाला-5
15.सहयात्री-5
17.कटि-3
20.निम्न,न्यूनतम-4
22.उत्कर्ष-3
24.अधर,होंठ-2
26.संबोधन-2

शब्द पहेली - 8325 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली - 6756



ऊपर से नीचे:-

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बारना दे बारना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 6755

शि	ल्पा		अ	स	रा	नी		स	
का		क	म	ल		य	ल	गा	र
री	ना		री	मा		त		ई	
	रा	जे	श		प		स		ब
का	ज	ल		दा	ग	द	फ	य	र
ला		र	ख	वा	ला		री		सा
पा	पी		ल		क	र्ण		घा	त
नी		हि	ना		हीं		ज	य	
	जं		य		का	का		ल	व
कि	ग	अं	क	ल		श	क्ति		ध

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 6865

	4	5		7		
	28	1	36	2	30	4
2	3			6		
	33	2	34	3	29	6
4	5		7		2	
	33	7	37		33	
1			4	5	6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6864 का हल

7	4	5	2	3	6	1
5	38	3	32	1	27	7
4	3	7	5	6	1	2
3	30	2	40	7	32	6
6	1	4	7	2	5	3
2	24	1	36	4	30	5
1	3	6	7	5	2	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7865

त	श	मु	प	रि	णि	ता	प	न	र	टें	
था	क्रि	दी	ना	द	मु	सा	फि	र	कां	ल	
स्तु	के	वा	हे	नि	रा	ना	न	व	टि	गे	
बी	ट	र	न	शा	वा	जू	क	ले	ज	र	
चो	दा	त	प	ने	तो	हो	चा	गो	ब	हो	
ब	दु	त	खौ	ग	स	ए	व	चा	वॉ	मु	
द	प	श्म	न	फ	व	ह	अ	गो	प्ला	न्ना	
क	र	क	न	वश	ह	भा	र	चो	आ	भा	
र	व	त	म	ए	भी	र	क	अ	न	ई	
रू	द्रा	क्ष	त	र	त	ता	ण	र	ह	ग	
मुं	ब	र्ल	न	आ	प	र	क	प	स्त	ये	

शब्दजाल में संजय दत्त की १० फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

लगे रहो मुन्ना भाई, तथास्तु, परिणिता, मुसाफिर, दीवार, रुद्राक्ष, काटे, राजू चाचा, खौफ, दुश्मन

शब्दजाल - 7864 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore